**प्रेस नोट** **दिनांक 15.08.2026**

**80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा कैम्प कार्यालय एवं क्वार्टर गार्द पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को दी गई सलामी-**

विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जनपद मऊ में स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त 2026 परम्परागत एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया, स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा कैम्प कार्यालय, पुलिस लाइन में ध्वजारोहण किया गया तथा उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगणों को राष्ट्रीय एकता एवं पुलिस के कार्यो एवं जिम्मेदारियों के साथ-साथ समाज मे पुलिस की छबि और भी बेहतर करने की शपथ दिलायी गयी। तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनुप कुमार द्वारा ध्वजारोहण कर शपथ दिलायी गयी, इसके अतिरिक्त सर्किल के थानों पर क्षेत्राधिकारीगणों द्वारा एवं सभी थानों/चौकियों पर सभी थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा उपस्थित कर्मचारीगणों को शपथ दिलायी गयी व वृक्षारोपण किया गया।

➡️इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं तथा राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं संप्रभुता की रक्षा के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी, संवेदनशीलता एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने का संदेश दिया गया।

➡️ कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर शहीदों के त्याग, बलिदान एवं संघर्ष को नमन किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कहा गया कि देश की स्वतंत्रता एवं सुरक्षा के लिए दिए गए बलिदानों से प्रेरणा लेते हुए पुलिस बल को सदैव जनसेवा, कानून-व्यवस्था एवं नागरिकों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए।

इसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोदय सहित पुलिस अधीकारी/कर्मचारीगणों द्वारा पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

**साथ ही साथ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा विगत स्वतंत्रता दिवस वर्ष-2025 के शुभ अवसर पर गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सराहनीय सेवा पदक प्रदान किया गया है।**

1. पुलिस उपाधीक्षक (गोपनीय) श्री इनामुल हक सेवानिवृत्त हाल पता को0 नगर जनपद मऊ सराहनीय सेवा पदक

**2. स्वतंत्रता दिवस वर्ष-2026 के शुभ अवसर पर गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित पुलिस कर्मियों को अति उत्कृष्ट प्रदान किया गया है:-**

1. निरी० राजीव सिंह जनपद मऊ अति उत्कृष्ट सेवा पदक
2. निरी० सौरभ राय जनपद मऊ उत्कृष्ट सेवा पदक
3. मु०आ० सुरेश कुमार जनपद मऊ उत्कृष्ट सेवा पदक
4. मु०आ० वैभव मुकुन्द पाठक जनपद मऊ उत्कृष्ट सेवा पदक
5. मु०आ० शैलेश कुमार जनपद मऊ उत्कृष्ट सेवा पदक
6. मु०आ० विवेक कुमार सिंह जनपद मऊ उत्कृष्ट सेवा पदक
7. मु०आ० अभिमन्यु सिंह जनपद मऊ उत्कृष्ट सेवा पदक
8. मु०आ० बसंत जनपद मऊ उत्कृष्ट सेवा पदक
9. मु०आ० राणा प्रताप जनपद मऊ उत्कृष्ट सेवा पदक

**3. स्वतंत्रता दिवस वर्ष-2026 के शुभ अवसर पर श्रीमान् पुलिस महानिदेशक यूपी-112, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित पुलिसकर्मियों को उनके सराहनीय कार्य एवं उत्कृष्ट रिस्पांस टाइम हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है:-**

**सराहनीय कार्य हेतु-**

1. उ0नि० कमरूद्दीन अंसारी (अवकाश) घोसी
2. आरक्षी रौशन कुमार घोसी
3. म०मु०आरक्षी नीलम तिवारी घोसी
4. मु०आरक्षी ममता चौधरी घोसी
5. हो०चालक महेन्द्र सोनकर घोसी
6. हो०चालक बसंत चौरसिया घोसी

**रिस्पांस टाइम हेतु-**

1. मु०आ० सत्यपाल कोतवाली
2. मु०आ० नीरज कोतवाली
3. मु०आ० दुर्गा शंकर कोतवाली
4. आरक्षी गोपाल गुलशन कोतवाली
5. हो०चालक लक्षिराम यादव कोतवाली
6. हो०चालक अभय सिंह कोतवाली

**जनपद मऊ साइबर पुलिस टीम द्वारा पीडितों का फ्रॉड हुआ कुल धनराशि- 28,996-/ (अट्ठाइस हजार नौ सौ छानवे रूपया) पीडितों को वापस कराया गया**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर व थाना मधुबन साइबर पुलिस टीम द्वारा यूपीआई के माध्यम से पीड़ितो के खाते से फ्राड की गयी कुल धनराशि- 28,996-/ (अट्ठाइस हजार नौ सौ छानवे रूपया) साइबर पुलिस टीम जनपद मऊ द्वारा वापस कराया गया।

**थानावार विवरण-**

1.थाना कोतवाली नगर साइबर पुलिस टीम द्वारा पीड़ित /आवेदक मो0 अनस निवासी थाना कोतवाली जनपद मऊ कुल धनराशि – 9996/- रूपया वापस कराया गया।

2.थाना मधुबन साइबर पुलिस टीम द्वारा पीडित /आवेदक धीरज कुमार राय पुत्र कृपाशंकर राय निवासी मीरपुर दरियाबाद थाना मधुबन जनपद मऊ कुल धनराशि – 19,000/- रूपया वापस कराया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, अज्ञात लिंक, फर्जी कॉल, केवाईसी अपडेट, निवेश, लोन, पार्ट टाइम जॉब अथवा OTP साझा

करने से सावधान रहें। साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

## जिलाधिकारी मऊ एवं पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण–

आज दिनांक 15.08.2026 को जिलाधिकारी मऊ एवं पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा थाना मधुबन क्षेत्रान्तर्गत ग्राम धरमपुर विशुनपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बाढ़ की स्थिति का जायजा लेते हुए प्रभावित ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान राहत शिविरों, खाद्यान्न एवं पेयजल की उपलब्धता, चिकित्सा सुविधाओं तथा पशुओं के चारे की व्यवस्था की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की आवश्यक सामग्री की कमी न होने पाए तथा सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर राहत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करें।

पुलिस अधीक्षक मऊ ने क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, नावों के सुरक्षित संचालन, संवेदनशील स्थानों पर सतत निगरानी तथा अफवाहों पर प्रभावी नियंत्रण रखने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा अनावश्यक रूप से जलभराव अथवा तेज बहाव वाले क्षेत्रों में न जाएं।

प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की निरंतर निगरानी की जा रही है तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभागों की टीमें पूर्णतः सतर्क एवं सक्रिय हैं।